हरिभूमि
बालोद भूमि
रायपुर, सोमवार 29 जून 2026

बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़

तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

11 शाला प्रवेशोत्सव में नवप्रवेशी बच्चों का तिलक और मिठाई से ..

12 पलारी और बोड़रा में संगीता सिन्हा ने बच्चों को ...

2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.c. NURSING & M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in

भाजपा महिला मोर्चा शहर मंडल की बैठक संपन्न, संगठन विस्तार और डिजिटल लर्निंग पर हुआ मंथन

जिला महामंत्री राकेश यादव ने कार्यकर्ताओं को किया प्रशिक्षित, महिला मोर्चा की सक्रियता की सराहना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

भाजपा शहर मंडल महिला मोर्चा की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला महामंत्री राकेश यादव जी विशेष रूप से उपस्थित रहे। सर्वप्रथम वरिष्ठ नेताओं द्वारा पूजार्चना की गई पूजाअर्चना के पश्चात स्वागत किया गया।

स्वागत भाषण महिला मोर्चा की अध्यक्ष प्रतिमा यादव ने दिया, जिन्होंने महिलाओं को आगे आकर काम करने के लिए कहा और शहर मंडल महिला मोर्चा टीम को मजबूत करने का आह्वान किया। जिला महामंत्री राकेश यादव जी ने भी संगठनात्मक विषयों में अपनी बात रखिए और डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म की पूरी जानकारी विस्तार से दी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया,शहर भाजपा की और महिला मोर्चा शहर की टीम की उनके कार्य की महामंत्री ने भूरी भूरी प्रशंसा की। शहर महिला मोर्चा की 20 सदस्यों ने डिजिटल लर्निंग फॉर्म को अभी तक पूरा कर लिया है। बैठक में शहर अध्यक्ष अमित चोपड़ा एवं महामंत्री हितेश्वरी कौशिक ने भी अपनी बातें रखी। बैठक का संचालन महिला मोर्चा मंडल की महामंत्री सरोजिनी साहू ने किया आभार महामंत्री दीप्ति यादव ने किया।

ये रहे उपस्थित

इस बैठक में भाजपा शहर मंडल के महामंत्री नरेंद्र सोनवानी,वरिष्ठ नेत्री रेखा निकोसे व सरोज गंगबेर, श्वेता राजपूत, आशा पटेल, सुनीता मनहर, अंबिका यादव, वनिता मरकाम, कौशल्या कौशिक, अनिता पढ़ेरकर, विशाखा साहू, नीमा साहू, प्रियंका श्रीवास सहित शहर मंडल महिला मोर्चा की टीम उपस्थित रही। इस बैठक में जिला पंचायत के सदस्य लक्ष्मी साहू,चंद्रिका गंजीर भी मौजूद रही।

अभियान : ई-रिक्शा से घर-घर कचरा संग्रहण कर आत्मनिर्भर बनीं महिलाएं

ई-रिक्शा से बदली आदिवासी महिलाओं की किस्मत स्वच्छता के साथ आत्मनिर्भरता की नई मिसाल

हरिभूमि न्यूज. दल्लीराजहरा/डौंडीलोहारा

कभी रोजी-रोटी के लिए मजदूरी पर निर्भर रहने वाली आदिवासी अंचल की महिलाएं आज अपने परिश्रम, आत्मविश्वास और शासन की योजनाओं के सहयोग से आत्मनिर्भरता की नई मिसाल बन रही हैं। स्वच्छ भारत मिशन, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन तथा जिला खनिज न्यास (डीएमएफ) के सहयोग से पिंगाल, झरनटोला, खड़बतर, किल्लेकोड़ा, चिखली, बड़ेजुगेरा, कोडेकसा, गैजी सहित कई ग्राम पंचायतों में स्व-सहायता समूह की महिलाएं इलेक्ट्रिक (ईवी) कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर जाकर गीला एवं सूखा कचरा एकत्रित कर रही हैं।

यह पहल केवल गांवों को स्वच्छ बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि महिलाओं को सम्मानजनक रोजगार देकर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त भी बना रही है। अब ये महिलाएं नियमित आय अर्जित कर अपने परिवार की जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर रही हैं। ई-रिक्शा में गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग रखने की विशेष व्यवस्था की गई है, जिससे वैज्ञानिक तरीके से कचरा प्रबंधन किया जा रहा है। संग्रहित कचरे को एसएलआरएम (सॉलिड एंड लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट) केंद्रों तक पहुंचाया जाता है, जहां जैविक कचरे से खाद तैयार की जाती है तथा पुनर्चक्रण योग्य सामग्री को अलग कर उपयोग में लाया जाता है। इससे स्वच्छता के साथ पर्यावरण संरक्षण को भी मजबूती मिल रही है।

महिलाओं को ई-रिक्शा संचालन के लिए विशेष प्रशिक्षण भी दिया गया। प्रशिक्षण के बाद वे पूरी दक्षता के साथ वाहन संचालित कर रही हैं। उनकी नियमित आय से बच्चों की पढ़ाई, परिवार का पालन-पोषण तथा घरेलू जरूरतें पहले की तुलना में अधिक सुगमता से पूरी हो रही हैं। गांवों में उनका सामाजिक सम्मान भी लगातार बढ़ा है। जिले के आदिवासी अंचलों में शुरू हुई यह पहल आज केवल स्वच्छता अभियान नहीं, बल्कि महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और सामाजिक परिवर्तन की प्रेरक कहानी बन चुकी है। ई-रिक्शा की रफ्तार के साथ गांवों में स्वच्छता का संदेश पहुंच रहा है और महिलाओं के जीवन में आत्मसम्मान, आर्थिक मजबूती तथा उज्ज्वल भविष्य की नई उम्मीद भी आकार ले रही है।

स्व-सहायता समूह की महिला सदस्य लता बाई ने कहा पहले परिवार की आर्थिक स्थिति बहुत कमजोर थी। मजदूरी से जैसे-तैसे घर चलता था। अब ई-रिक्शा चलाकर घर-घर कचरा संग्रहण का काम कर रही हूं। हर महीने नियमित आमदनी हो रही है। अब बच्चों की पढ़ाई और परिवार का खर्च बेहतर तरीके से चला पा रही हूं। महिला सदस्य समोतिन बाई ने कहा जब पहली बार ई-रिक्शा चलाने का प्रशिक्षण मिला तो थोड़ा डर लग रहा था, लेकिन अब आत्मविश्वास के साथ वाहन चला रही हूं। गांव के लोग भी हमारा सम्मान करते हैं। स्वच्छता अभियान से जुड़कर समाज सेवा करने का अलग ही संतोष मिलता है। महिला सदस्य निर्मला नेताम ने कहा पहले कभी नहीं सोचा था कि एक दिन खुद वाहन चलाकर रोजगार कर सकूंगी। आज अपनी मेहनत से परिवार की आय बढ़ा रही हूं। शासन की इस योजना ने हमें नई पहचान और नया आत्मविश्वास दिया है।

महिला सदस्य श्याम बाई ने कहा हम केवल कचरा नहीं उठा रहे, बल्कि लोगों को स्वच्छता का महत्व भी समझा रहे हैं। अब अधिकांश परिवार गीला और सूखा कचरा अलग-अलग देने लगे हैं। इससे गांव साफ-सुथरे दिखने लगे हैं और लोगों में जागरूकता बढ़ी है।

ग्राम पंचायत के सरपंच ईश्वर नेताम ने कहा कि /"स्वच्छ भारत मिशन के तहत संचालित यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में परिवर्तन का मजबूत माध्यम बनी है। महिलाओं को रोजगार मिलने से उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है और गांवों में नियमित कचरा संग्रहण की व्यवस्था स्थापित हुई है। आने वाले समय में इसे और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। ▸▸ शेष पेज 11 पर

शासकीय राशन दुकान में चोरी, ताला बदलकर चावल-चना ले उड़े चोर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

■ दुकान संचालक ने ग्रामीणों की मौजूदगी में तोड़ा दूसरा ताला, 45,650 रुपये का राशन चोरी पुलिस ने दर्ज किया मामला

शासकीय राशन दुकान के ताला को तोड़कर चोरो ने राशन की चोरी कर ली एवं बड़े सफाई के साथ दूसरा ताला बंद कर रफूचक्कर हो गए। जिसे दुकान के संचालक ने ग्रामीणो की उपस्थिति में तोड़कर राशन दुकान में प्रवेश किया। जहां उसे साढ़े एक क्विटल चना कम मिला। जिसके बाद दुकान संचालक ने अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 305(ई) 331(4) के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ग्राम धोबनी (ब) निवासी लिखन राम देवांगन ने पुलिस को बताया कि 25 जून को प्रातः 07 बजे से प्रातः 10 बजे तक राशन वितरण किया और स्टॉक रजिस्टर को पूर्ण कर जिसमें कुल बचत चावल 16 क्विंटल 68 किलोग्राम (कुल 33 कट्टा) एवं चना 01 क्विंटल 72 किलोग्राम (कुल 3 कट्टा) को स्टॉक पंजी में संधारण कर राशन दुकान के सामने दरवाजा में ताला लगाकर अपने घर चला गया 26 जून को प्रातः 07 बजे राशन दुकान खोलने के लिये आया तो दरवाजा में लगा ताला मेरा लगाया हुआ ताला नहीं था और दुकान के सामने चावल बिखरा पड़ा था, तब मैं गांव के सरपंच महेश्वरी बाई तुमरेकी, ग्राम पटेल गोवर्धन सिंह पटेल, ग्राम पंच विनिता बाई निषाद, जयंत्री बाई माहला एवं लता बाई निषाद को बुलाकर दिखाया और बताया राशन दुकान में लगा ताला मेरा नहीं है। कोई दुसरा व्यक्ति का लगाया हुआ ताला है। जिसे सरपंच एवं पंचो की उपस्थिति में ताला तोड़कर अंदर जाकर पहले स्टॉक पंजी को चेक कर मिलान किया जिसमें 09 क्विंटल 50 किलोग्राम चावल (कुल 19 कट्टा) कीमती 35,150 रूपये तथा चना 01 क्विंटल 50 किलोग्राम (कुल 3 कट्टा) कीमती 10,500 रूपये जुमला कीमती 45,650 रूपये को राशन दुकान में लगे ताला को तोड़कर अंदर प्रवेश कर राशन दुकान अंदर रखे चावल एवं चना को 25 जून को प्रातः 10 बजे से 26 जून को प्रातः 07 बजे के मध्य चोरी कर ले गया है।

खबर संक्षेप

शराब भट्ठी के सामने खड़ी बाइक चोरी, रिपोर्ट दर्ज

बालोद। शराब भट्ठी के सामने मोटर सायकल रख शराब लेने गए व्यक्ति का मोटर सायकल चोरी हो गया। जिसके बाद पीड़ित युवक ने अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 303(2) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। बोडरा निवासी हरीश कुमार साहू ने पुलिस को बताया कि मोटर सायकल सीजी 24 जे 7865 से शाम को सप्ताहिक बाजार गुरूर आया था। बाजार में सब्जी, भाजी लेने के बाद शाम मोटर सायकल को गुरूर शराब भट्ठी के सामने खडी कर शराब लेने भट्ठी अंदर गया था, शराब लेकर वापस अपने गाडी को रखे स्थान पर आकर देखा तो मेरी उक्त मोटर सायकल नही था आस पास बहुत पता तलाश किया कोई पता नही चला है। कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा मेरे मोटर सायकल को चोरी कर ले गया है।

बस स्टैंड के पास खड़ी बाइक पर चोरों ने किया हाथ साफ

गुरूर। गाड़ी को खड़ी कर प्रसाधन के लिए गए युवक गाड़ी रखे जगह पर पुनः आए तो मोटर सायकिल चोरी हो चुकी थी। जिसके बाद पीड़ित युवक ने अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 303(2) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। छत्तीसगढ सशस्त्र बल प्रथम वाहिनी दुर्ग में आरक्षक के पद पदस्थ ग्राम मारींबंगला निवासी चुरामन कुलेन्द्र ने पुलिस को बताया कि मोटर सायकल सीजी 24 वाई 2430 से अपने गृह ग्राम मारीं बंगला आया था। सुबह सूर्य कुमार को मोटर सायकिल के पीछे बैठाकर दुर्ग जाने निकले थे तभी मारीं बंगला पुरानी बस स्टैण्ड पान ठेला के पास आकर रूके गाडी को खडा कर चाबी को नहीं निकाल पाये और हम लोग दोनों प्रसाधन करने ठेला के पीछे तरफ गली तरफ चले गये वापस आये तो देखे कि मेरी मोटर सायकल होर्नेट सीजी 24 वाई 2430 नहीं था। कोई अज्ञात व्यक्ति मेरी मोटर सायकिल को चोरी कर ले गया हैं।

धारदार हथियार लेकर घूमने वाला आरोपी गिरफ्तार

भिलाई। धारदार हथियार लेकर घूमने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि एलआईसी झोपड़ी बिल्डिंग के पास युवक अपने पास धारदार हथियार लेकर भीड़ में घूम रहा है।

शहीद वीर नारायण सिंह स्पोर्ट्स एकेडमी की कराते परीक्षा में 9 हुए शामिल

■ सभी खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन

बालोद। शहीद वीर नारायण सिंह स्पोर्ट्स एकेडमी में कराटे बैल्ट एग्जाम का आयोजन हुआ। बच्चों को आत्म रक्षा सिखाने और उनके शारीरिक तथा मानसिक विकास के लिए एकेडमी निरंतर प्रयासरत रहती है। इसी कड़ी में एकेडमी में कराटे का अपक्रेडिंग एग्जाम का आयोजन किया गया, जिसमें 9 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिनका फिजिकल टेस्ट काता एग्जाम एवं कुमिते का प्रदर्शन किया गया। सभी खिलाड़ियो ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और सभी अपने बैल्ट एग्जाम पास किए। एग्जाम में भाग लेने वाले खिलाड़ी गुसिफा, लीलेश्वरी ठाकुर, रितिका सरकार, विषा भुआर्य, ईशिता टंडन, अवनी श्रीवास, देवयांशी बनपाल, एकता गजेंद्र, हुलेश साहू और एक्जामर सेंपाई हरबंस कौर 3 डाउन ब्लैक बैल्ट एवं वाणी ब्लैक बैल्ट रही।

किसान परिवार के तीन युवाओं का सुरक्षा बलों में चयन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

■ तीन बेटों ने बढ़ाया गांव का मान

एक ही परिवार में एक ही छत के नीचे रहने वाले किसान परिवार के तीन युवको का चयन सुरक्षाबलो में देश की सेवा के लिए हुआ है। जिसमे तीन युवको में से दो युवको की ट्रेनिंग प्रारंभ हो चुकी है तथा एक युवक कुछ दिनो में ट्रेनिंग की रवानगी की तैयारी कर रहा है।

देश की सेवा का सपना देखने वाले एक ही घर के बालोद ब्लाक के ग्राम भेंगारी निवासी किसान राधेश्याम साहू के बेटे केशव साहू का चयन थल सेना में अग्निवीर के रूप में हुआ है, वही राधेश्याम के छोटे भाई श्यामचरण साहू के दो बेटे उपेन्द्र साहू का चयन आरक्षक चालक के रूप में व विजय साहू का आरक्षक के रूप में हुआ है। नौ सदस्यो के बीच संयुक्त परिवार में रहकर युवको ने सुरक्षा बलो मे जाने की तैयारी की।

जिसमे विजय साहू उम्र 23 वर्ष पिता श्याम चरण साहू माता शकुन बाई साहू का चयन जनवरी 2026 को दंतेवाड़ा में छ.ग. पुलिस में आरक्षक पद पर हुआ है तथा विजय साहू वर्तमान में राजनांदगांव में ट्रेनिंग प्राप्त कर रहे है। वही केशव साहू उम्र 23 वर्ष पिता राधेश्याम साहू माता राधिका साहू का चयन वर्तमान में अग्निवीर के थल सेना में हैदराबाद रेंजिमेंट में हुआ है तथा 27 जून को केशव अपने ट्रेनिंग के लिए रवाना हुए। वही उपेन्द्र साहू उम्र 26 वर्ष पिता श्याम चरण माता शकुन बाई का चयन राजनांदगांव में आरक्षक चालक के पद पर हुआ है जिसके तहत उपेन्द्र साहू का दस्तावेज सत्यापन पूरा हो चुका है तथा उपेन्द्र कुछ दिनो में अपने ट्रेनिंग के लिए निकलने की तैयारी कर रहे है। आपको बता दे कि उपेन्द्र व विजय दो भाई एक बहन है जिसमे से बहन की शादी हो चुकी है, वही केशव साहू तीन बहन व एकलौता भाई है जिसमे केशव की दो दीदीयो की शादी हो चुकी है तथा एक बहन अध्ययनरत है।

खास बात यह है कि तीनो युवक किसान परिवार से आते है तथा तीनो युवक के माता पिता किसानी व रोजी मजदूरी ▸▸ शेष पेज 11 पर

दल्लीराजहरा में जलभराव रोकने नगर पालिका की बड़ी मुहिम

नालों और जलाशयों की व्यापक सफाई से जल निकासी व्यवस्था हुई सुदृढ़

हरिभूमि न्यूज. बालोद/दल्लीराजहरा

■ हर वार्ड में विशेष सफाई दल तैनात, जलभराव रोकने नियमित निगरानी जारी

वर्षा ऋतु के दौरान नगरवासियों को जलभराव, गंदगी और जलजनित बीमारियों से राहत दिलाने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा ने पूरे नगर में नालों एवं जलाशयों की नियमित साफ-सफाई और गाद निकासी का व्यापक अभियान तेज कर दिया है।

नगर के प्रमुख नालों, जल निकासी मार्गों तथा शंकर तालाब सहित विभिन्न जलाशयों से गाद, जलीय खरपतवार और अन्य अवरोधों को हटाकर जल प्रवाह को सुचारू बनाया जा रहा है। नगर पालिका की इस पहल से वर्षा के दौरान जलभराव की आशंका कम होने के साथ-साथ स्वच्छता व्यवस्था को भी मजबूती मिलने लगी है। नगर पालिका द्वारा नगर के विभिन्न वार्डों में लगातार सफाई दल तैनात कर नालों की गहराई तक सफाई कराई जा रही है। जिन स्थानों पर वर्षों से गाद और कचरा जमा था, वहां विशेष अभियान चलाकर अवरोध हटाए गए हैं, ताकि वर्षा का पानी बिना किसी रुकावट के अपने निर्धारित मार्ग से निकल सके। इससे नगर की सड़कें, गलियां और रिहायशी क्षेत्र सुरक्षित बने रहें तथा नागरिकों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।

शंकर तालाब सहित अन्य जलाशयों में भी विशेष अभियान चलाकर गाद, जलीय घास एवं कचरे की सफाई कराई गई है। इससे जलाशयों की जलधारण क्षमता बढ़ेगी, जल प्रदूषण में कमी आएगी तथा पर्यावरण संरक्षण को भी बल मिलेगा। नगर पालिका प्रशासन का कहना है कि यह अभियान केवल वर्षा ऋतु तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि ▸▸ शेष पेज 11 पर

शैलदेवी महाविद्यालय
Affiliated to Hemchand Yadav University, Durg
अंडा, दुर्ग
9575037637
6265377477
ADMISSION OPEN
BA (Home Science Geography)
BCom
MCom
BCA
DCA
PGDCA
Scholarship - 8000 to 13000/-
Girls/Boys Hostel
BSc Maths/CS/Bio
MSc Physics/Chemistry Computer Science
MSW
B.Lib
PG Diploma in YOGA
B.Ed, D.El.Ed, B.Sc B.Ed.

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI DAGANIA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A.* (Computer) 1 Year (10th Pass)
अग्रसेन एजुकेशन केम्पस,ग्राम -डगनिया, दुर्ग-बालोद मेन रोड, तह. गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)
89595-93937 • 89595-44444

खबर संक्षेप

उद्योग से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ती हुई ग्रामीण महिलाएं

दुर्ग। जिले के ग्राम पंचायत ननकट्ठी की विद्यावती चौधरी ग्रामीण महिलाओं के लिए प्रेरणा का प्रतीक बन चुकी हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान से जुड़कर उन्होंने न केवल अपने जीवन को नई दिशा दी, बल्कि गांव की अनेक महिलाओं को भी आत्मनिर्भर बनने का मार्ग दिखाया। आराध्या स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष एवं एफएलसीआरपी के रूप में कार्यरत विद्यावती चौधरी ने समूह की बचत एवं ऋण राशि का उपयोग करते हुए चावल पापड़ निर्माण और सिलाई केंद्र की शुरुआत की। प्रारंभ में यह कार्य छोटे स्तर पर शुरू हुआ, जहां समूह की महिलाएं घर-आंगन में मिलकर पापड़ तैयार करती थीं। सीमित संसाधनों के बावजूद महिलाओं ने मेहनत, लगन और गुणवत्ता को अपनी सबसे बड़ी ताकत बनाया। प्रतिदिन महिलाएं एकत्रित होकर चावल पापड़ तैयार करती हैं। धीरे-धीरे उनका छोटा प्रयास एक सफल उद्यम में बदल गया। आज समूह द्वारा तैयार किए गए पापड़ स्थानीय बाजारों में अपनी पहचान बना चुके हैं और प्रतिमाह हजारों रुपये का कारोबार हो रहा है। नियमित आय मिलने से परिवारों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और घरेलू जरूरतों की पूर्ति अब अधिक आसानी से हो रही है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ा है और वे अपने निर्णय स्वयं लेने में सक्षम हुई हैं।

संवर्गवार चयन सूची जारी

दुर्ग। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम दुर्ग अंतर्गत संविदा भर्ती के लिए 3 विभिन्न संवर्गों के 47 पदों पर संविदा भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे। दस्तावेज सत्यापन व लिखित, कौशल परीक्षा उपरांत अनंतिम संवर्गवार चयन, प्रतीक्षा सूची जिले की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

बंदियों के अधिकारों, सुविधाओं एवं सुधारात्मक व्यवस्थाओं की हुई समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

मुख्यालय स्थित केन्द्रीय जेल दुर्ग का शनिवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के. विनोद कुजूर द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में उन्होंने महिला प्रकोष्ठ में निरुद्ध महिला बंदियों से उनकी प्रकरण की स्थिति, स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता, भोजन की गुणवत्ता, साफ सफाई एवं स्वच्छता व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली गई। तत्पश्चात उन्होंने जेल में सजायाफ्ता बंदियों के अपील संबंधी प्रकरणों को अद्यतन करने एवं बंदियों को प्रकरण की वर्तमान स्थिति से अवगत कराने के निर्देश जेल अधिकारियों को दिये। उन्होंने बंदियों से सीधे बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना और उनकी दैनिक दिनचर्या से संबंधित जानकारी प्राप्त की। नव आगंतुक बंदियों को उनके प्रकरण से संबंधित जानकारी प्राप्त करने के विषय में बताया गया तथा जो बंदी निजी अधिवक्ता नियुक्त नहीं कर सकते हैं, उन्हें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता सलाह प्रदान कर उनकी पैरवी हेतु निःशुल्क अधिवक्ता की नियुक्ति किए जाने की जानकारी दी गई। जेल प्रशासन को ऐसे बंदी जिन्हें परिहार का लाभ दिया जा सकता है, उनके आवेदन के लंबित रहने के कारणों सहित जानकारी प्राधिकरण को प्रेषित किए जाने हेतु निर्देशित किया गया।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा केन्द्रीय जेल दुर्ग का किया गया निरीक्षण

संवाद स्थापित कर ली जानकारी

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के. विनोद कुजूर ने मुख्य रूप से राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की स्पूहा योजना 2025 के अंतर्गत जेल में निरुद्ध कैदियों से संवाद स्थापित कर उनके आश्रित परिवारजनों को होने वाली सामाजिक, आर्थिक एवं व्यवहारिक कठिनाइयों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की गई। प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा कैदियों से यह जाना गया कि उनके कारावास की अवधि के दौरान उनके आश्रित जैसे पत्नी, बच्चे एवं वृद्ध माता-पिता को आजीविका, बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य उपचार, भरण-पोषण एवं दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति में किन-किन समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

स्पूहा योजना के अंतर्गत निःशुल्क विधिक सहायता

इस अवसर पर उनके द्वारा यह निर्देशित किया गया कि स्पूहा योजना के अंतर्गत ऐसे पात्र कैदियों एवं उनके आश्रित परिवारजनों की पहचान कर उन्हें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान की जाए तथा उन्हें केंद्र एवं राज्य शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा यह भी निर्देश दिए गए कि पैरालीगल वालेंटियर्स के माध्यम से आश्रित परिवारों का फील्ड स्तर पर सत्यापन कर उनकी समस्याओं के निराकरण हेतु संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित किया जाए, ताकि कैदियों के परिवारजनों को सामाजिक सुरक्षा एवं संरक्षण प्रदान किया जा सके। उन्होंने निरीक्षण के उपरांत संबंधित अधिकारियों

शिक्षा मंत्री गजेन्द्र ने स्थल निरीक्षण कर दी हिदायत

दो करोड़ की लागत से बनेगी 100 साल पुराने डीईओ कार्यालय की बिल्डिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

दुर्ग जिला मुख्यालय स्थित 1904 में बने 100 वर्ष से अधिक पुराने जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) कार्यालय भवन का शीघ्र ही नवनिर्माण किया जाएगा। करीब 2 करोड़ रुपए की लागत से यह भवन तैयार होगा। लंबे समय से जिले की शिक्षा व्यवस्था के संचालन का केंद्र रहे इस ऐतिहासिक भवन को आधुनिक सुविधाओं से युक्त नए स्वरूप में विकसित किया जाएगा।

जर्जर हो चुके वर्तमान भवन के स्थान पर बनने वाला नया कार्यालय शिक्षा प्रशासन को अधिक व्यवस्थित, प्रभावी, पारदर्शी एवं जनसुविधा के अनुरूप बनाएगा। शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने इस जर्जर भवन का संबंधित अधिकारियों व इंजीनियर के साथ पुराना भवन का निरीक्षण कर जल्द ही ड्राइंग डिज़ाइन तैयार करने निर्देश दिए। नवीन भवन में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए बेहतर कार्य वातावरण, अभिलेखों के सुरक्षित संधारण, डिजिटल कार्यप्रणाली तथा शिक्षक, पालक एवं आम नागरिकों के लिए अधिक सुविधाजनक व्यवस्था विकसित की जाएगी। इससे शिक्षा विभाग के प्रशासनिक कार्यों में गति आएगी तथा विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में भी सहायता मिलेगी।

नए भवन में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए मिलेगा बेहतर कार्य वातावरण

संपूर्ण शिक्षा व्यवस्था केंद्र होगा यह भवन- शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय केवल एक प्रशासनिक भवन नहीं, बल्कि जिले की संपूर्ण शिक्षा व्यवस्था का प्रमुख केंद्र होता है। यहीं से विद्यालयों के संचालन, शिक्षकों की व्यवस्थाओं, विद्यार्थियों के हितों, शैक्षणिक गुणवत्ता, नवाचारों तथा शासन की शिक्षा संबंधी योजनाओं का प्रभावी संचालन और अनुश्रवण किया जाता है। इसलिए इस कार्यालय का आधुनिक, सुरक्षित और सुव्यवस्थित होना समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि नया भवन राशि स्वीकृति होने के बाद निर्माण प्रारंभ होगा। उन्होंने आगे कहा की शिक्षा के क्षेत्र में मजबूत आधारभूत संरचना गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की नींव होती है। बेहतर कार्यालयीन व्यवस्था से प्रशासनिक कार्यों में ारदर्शिता और दक्षता बढ़ती है, जिससे विद्यालयों तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचता है और विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने में सहायता मिलती है। मंत्री श्री यादव ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में केवल विद्यालयों के उन्नयन तक सीमित नहीं है, बल्कि शिक्षा से जुड़े प्रत्येक संस्थान एवं प्रशासनिक व्यवस्था को भी सुदृढ़ करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। दुर्ग के डीईओ कार्यालय का नवनिर्माण इसी सोच का परिणाम है, जो आने वाले वर्षों में जिले की शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा और नई मजबूती प्रदान करेगा। इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा, सहायक संचालक अमित घोष विशेष रूप से मौजूद रहे।

मंत्री यादव की जुड़ी है इस भवन से यादें

जर्जर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय को नए स्वरूप देने के लिए तीन बार पहले भी कार्ययोजना बनाई जा चुकी है। कार्ययोजना को जिम्मेदारों ने अमलीजामा नहीं पहनाया। इसलिए यह भवन अब भी जर्जरावस्था का दंश झेल रहा है। शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव की इस भवन से पुरानी यादें भी जुड़ी है। स्काउट गाइड का कार्यालय के रूप में भी इस भवन के कुछ कमरे संचालित होते रहे हैं। इन कमरों में स्वयं श्री यादव बैठकर स्काउट-गाइड की गतिविधियों को संचालित करते रहे हैं। वर्ष 2015 में छत्तीसगढ़ स्काउट - गाइड के गजेंद्र यादव राज्य आयुक्त के पद पर रहे। यहां उन्होने कई बैठकें की।

119 अधिकारी- कर्मचारियों को मिला नेहरू पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

बीएसपी की नेहरू अवार्ड योजना के अंतर्गत वर्ष 2025 के लिए नेहरू पुरस्कार वितरण समारोह का प्रथम चरण शनिवार को आयोजित किया गया। दो दिवसीय इस पुरस्कार वितरण समारोह के प्रथम दिन संयंत्र के कुल 119 पुरस्कारों को तीन श्रेणियों जवाहर पुरस्कार, नेहरू पुरस्कार तथा जवाहर लाल नेहरू समूह पुरस्कार से सम्मानित किया गया। समारोह के द्वितीय चरण में वर्क्स क्षेत्र के अन्य समूह पुरस्कार विजेताओं को आगामी सोमवार को सम्मानित किया जाएगा।

■ तीन श्रेणियों जवाहर पुरस्कार

समारोह के मुख्य अतिथि कार्यकारी निदेशक प्रभारी बीएसपी और कार्यपालक निदेशक सामग्री प्रबंधन अजय कुमार चक्रवर्ती थे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर प्रवीण निगम, पवन कुमार, प्रबीर कुमार सरकार, तुषार कांत, कमल भास्कर तथा डॉ. विनीता द्विवेदी उपस्थित रहीं। समारोह में संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारीगण, ऑफिसर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी, विभिन्न श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधि, पुरस्कार विजेता तथा उनके परिजन भी उपस्थित थे। नेहरू पुरस्कार वितरण समारोह के प्रथम दिवस जवाहर पुरस्कार श्रेणी में 33 अधिकारियों को उनके व्यक्तिगत योगदान के लिए सम्मानित किया गया। नेहरू पुरस्कार श्रेणी में 63 कर्मचारियों को व्यक्तिगत उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कार प्रदान किया गया, जबकि जवाहर लाल नेहरू समूह पुरस्कार श्रेणी में 23 समूहों को उनके सामूहिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस प्रकार प्रथम चरण में कुल 119 पुरस्कारों से अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संयंत्र की प्रगति एवं उत्कृष्ट कार्य निष्पादन में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया गया।एके चक्रवर्ती, ने सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि ये पुरस्कार उनके समर्पण, प्रतिबद्धता तथा संगठन की प्रगति में दिए गए उत्कृष्ट योगदान का सम्मान हैं। उन्होंने कहा कि यद्यपि ये पुरस्कार व्यक्तिगत रूप से प्रदान किए जाते हैं, किंतु वे पूरी टीम के सामूहिक प्रयासों के भी प्रतीक हैं। जेएन ठाकुर ने अतिथियों, पुरस्कार विजेताओं और उपस्थित जनों का स्वागत करते हुए नेहरू पुरस्कार योजना की रूपरेखा और वर्ष 2025 के पुरस्कारों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया।

तीन वार्डों में बनेगी सड़क, नाली एवं पुलिया महापौर ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर पालिक निगम दुर्ग क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देते हुए महापौर अलका बाघमार ने आज वार्ड 2 राजीव नगर में आरसीसी नाली व पुलिया निर्माण कार्य एवं देवेंद्र कसेर से आजाद दुर्गा चौक तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य के अलावा वार्ड 21 आशा नगर बंद गली में सीसी रोड निर्माण, सड़क नंबर 14 आशा नगर व सिंधिया नगर में नाली, पुलिया एवं वार्ड 51 दुर्गा चौक प्रगति नगर में सड़क, नाली एवं पुलिया निर्माण कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया। इस दौरान लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चन्द्राकर, एमआईसी सदस्य शिव नायक, पार्षद विद्यावती सिंह,पार्षद साजन जोसफ, गोविंद्र देवांगन, रंजीता पाटिल, सावित्री दमाहे, जिला भाजपा प्रवक्ता अरुण सिंह, मनमोहन शर्मा सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

बता दे कि वार्ड 2 राजीव नगर में आरसीसी नाली व पुलिया निर्माण कार्य लागत 15.25 लाख के अलावा देवेंद्र कसेर से आजाद दुर्गा चौक तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य लागत 10 लाख और वार्ड 21 नाली, पुलिया 9.92 एवं आशा नगर बन्द गली में सीसी रोड निर्माण 9.92 से होगा। निर्माण कार्य के अलावा वार्ड 51 मधुबन नगर ठाकुर के घर से एक्का के घर तक गली नं. 1 से 3 तक सीमेंट सड़क निर्माण कार्य लागत राशि 8 लाख, बोरसी उत्तर में पंचशील सेक्टर बी. के सड़क 4 नरेन्द्र वर्मा के घर से कमलेश साहू के घर तक आरसीसी नाली व पुलिया निर्माण लागत राशि 21.25 लाख एवं वार्ड 51 प्रदिप्ती नगर में 80 फिट रोड में रामटेके के घर तक रोड़ व नाली निर्माण कार्य लागत राशि 9.81 लाख का भूमिपूजन किया गया। महापौर ने भूमिपूजन के पश्चात कहा कि नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस दौरान महापौर अलका बाघमार ने वार्डवासियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। नागरिकों ने पेयजल, साफ-सफाई, सड़क एवं अन्य जनसुविधाओं से जुड़े विषयों को उनके समक्ष रखा।

भाजपा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष ने की कार्यकारिणी की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुरमुंदा ओखरा

महिला मोर्चा मुरमुंदा मंडल अध्यक्ष शारदा जांगड़े ने कार्यकारिणी की घोषणा की है। जिसमें उपाध्यक्ष अर्चना गोस्वामी, लक्ष्मी देवांगन, लता वर्मा, पुनेश्वरी साहू, महामंत्री यमुना साहू, सरिता मढ़रिया, मंत्री विजयलक्ष्मी पांडे, गिरजा साहू, मोहनी बंछोर, नीरा यादव, लुनिमा मढ़रिया, कोषाध्यक्ष वंदेश्वरी साहू और क्षमा शामिल हैं।

कम बल के साथ कानून व्यवस्था को संभालना चुनौती

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

न्यू प्रेस क्लब ऑफ भिलाई नगर द्वारा शनिवार को प्रेस से मिलिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रेस क्लब भवन सुपेला में

■ न्यू प्रेस क्लब ऑफ भिलाई नगर का प्रेस से मिलिए कार्यक्रम

आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर अभिजीत सिंह और वरिष्ट पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल अथिति के रूप से उपस्थित हुए। कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर व एसएसपी ने जिले में अपने अब तक के अनुभवों को साझा किया। इस दौरान दोनों अफसरों ने जिले में कानून व्यवस्था व प्रशासनिक ढांचे पर विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों के सवालों का भी जवाब दिया।

न्यू प्रेस क्लब ऑफ भिलाई नगर के अध्यक्ष अनिल गुप्ता व महासचिव दिलीप शर्मा ने कलेक्टर व एसएसपी को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। अध्यक्ष अनिल गुप्ता ने प्रेस क्लब की गतिविधियों से अवगत कराया और क्लब के संधारण के लिए कलेक्टर अभिजीत सिंह के समक्ष मांग रखी। महासचिव दिलीप शर्मा ने अतिथियों को प्रेस क्लब की सामाजिक,रचनात्मक गतिविधियों, पत्रकार कल्याण योजनाओं और भावी कार्य योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। एसएसपी विजय अग्रवाल ने बताया कि दुर्ग जिले में तीन अलग-अलग क्षेत्र हैं और सभी की अलग व्यवस्था है। एक ओर भिलाई टाउनशिप, दूसरी ओर पटरी पार का क्षेत्र और तीसरा दुर्ग शहर। इसके साथ ही एक बड़ा क्षेत्र देहात भी है। 25 लाख से अधिक की आबादी के लिए दो हजार से कुछ ज्यादा का पुलिस बल काम कर रहा है। इतने कम बल के साथ पूरे जिले की कानून व्यवस्था को संभालना एक बड़ी चुनौती है। एसएसपी विजय अग्रवाल ने कार्यक्रम के दौरान अपने कार्यकाल के कुछ किस्से भी साझा किए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में प्रेस क्लब के पदाधिकारी, सदस्य व अन्य पत्रकार उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने प्रशासन-मीडिया के बीच बेहतर समन्वय पर दिया बल

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने मीडिया को लोकतंत्र का मजबूत स्तंभ बताते हुए शहर और जिले के विकास में पत्रकारों की सकारात्मक भूमिका की सराहना की और प्रशासन-मीडिया के बीच बेहतर समन्वय पर बल दिया। उन्होंने बताया कि 2012 में भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयन के बाद केन्द्र सरकार के अधीन कार्य किया। दुर्ग जिला कलेक्टर के तौर पर यहां काम करना काफी सुखद रहा। उन्होंने बताया कि दुर्ग जिले की भौगोलिक स्थिति व यहां की मांग के अनुसार प्रशासन का कार्य करना चुनौती पूर्ण रहा है। कार्यक्रम के समापन पर प्रेस क्लब की ओर से दोनों वरिष्ठ अधिकारियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

जिलेभर में 29 जून से 6 जुलाई तक सहकारिता सप्ताह का आयोजन

सहकारिता सप्ताह, किसानों की आय बढ़ाने पर रहेगा फोकस

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

केन्द्रीय सहकारिता मंत्रालय के 5 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 29 जून से 6 जुलाई तक जिले में सहकारिता सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। जिला सहकारी

■ 402 समितियों में होगा ध्वजारोहण

केन्द्रीय बैंक दुर्ग द्वारा दुर्ग, बालोद और बेमेतरा जिले की 402 प्राथमिक कृषि साख समितियों में विभिन्न जागरूकता एवं रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसका उद्देश्य सहकारिता को सशक्त बनाना तथा कृषकों की आय में वृद्धि के लिए नई योजनाओं की जानकारी देना है। शनिवार को जिला सहकारी

केन्द्रीय बैंक दुर्ग के सभा भवन में आयोजित संयुक्त प्रेसवार्ता में बैंक अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन एवं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक रायपुर के उपाध्यक्ष अभिनेष कश्यप (बॉबी) ने कार्यक्रमों की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि 29 जून को सभी समितियों में ध्वजारोहण एवं बायलॉज वाचन के साथ सहकारिता सप्ताह का शुभारंभ होगा। इसी दिन सहकार सदस्यता अभियान तथा दुग्ध एवं मत्स्य समितियों की भूमिका पर परिचर्चा आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि 30 जून को जिला सहकारी विकास समिति की बैठक एवं एफपीओ तथा पैक्स की भूमिका पर चर्चा होगी। 1 जुलाई को ड्रोन के माध्यम से तरल उर्वरक छिड़काव का प्रदर्शन, कृषि संगोष्ठी एवं मृदा स्वास्थ्य पर परिचर्चा आयोजित की जाएगी। 2 जुलाई को मॉडल पैक्स का भ्रमण, माइक्रो एटीएम, केसीसी एवं रुपे केसीसी कार्ड वितरण किया जाएगा। 3 जुलाई को वृक्षारोपण एवं स्वच्छता अभियान तथा सहकारी समाचार पत्र के प्रचार-प्रसार का कार्यक्रम होगा। 4 जुलाई को सहकार संकल्प दौड़ और जनऔषधि केन्द्रों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे। 5 जुलाई को निबंध, चित्रकला एवं क्विज प्रतियोगिताओं के साथ सदस्यता वृद्धि अभियान चलाया जाएगा। समापन 6 जुलाई को सहकार प्रेरणा पुरस्कार वितरण समारोह के साथ होगा।

विशेषज्ञ प्रशिक्षक देंगे किसानों को प्रशिक्षण

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन ने बताया कि सहकारिता सप्ताह के दौरान इफको और कृभको के प्रशिक्षकों के साथ बैंक के विषय विशेषज्ञ भी किसानों को आधुनिक कृषि एवं सहकारी योजनाओं की जानकारी देंगे। उन्होंने कहा कि जिले में मत्स्य एवं दुग्ध उत्पादन की व्यापक संभावनाएं हैं और इन क्षेत्रों में समितियों एवं सदस्यों की संख्या बढ़ाने के प्रयास किए जाएंगे। श्वेत क्रांति को बढ़ावा देने के लिए ऋण योजनाओं को भी सुदृढ़ किया जाएगा। खाद की उपलब्धता के संबंध में पूछे गए प्रश्न पर श्री बेलचंदन ने बताया कि बैंक से जुड़ी सभी समितियों में डीएपी को छोड़कर अन्य सभी उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। डीएपी खाद की आपूर्ति भी शीघ्र शुरू होने की उम्मीद है। प्रेसवार्ता में बैंक उपाध्यक्ष नरेश यदु, पूर्व संचालक रमाकांत द्विवेदी, शिव चंद्राकर, लखनलाल गुरुपंच, जिला भाजपा महामंत्री दिलीप साहू, भाजपा नेता अजय तिवारी, काशीनाथ शर्मा तथा बैंक के सीईओ सुनील वर्मा मौजूद रहे।

बाढ़ नियंत्रण व मानिटरिंग के लिए प्रकोष्ठ का किया गया गठन



दुर्ग। मानसून सीजन 2026 के दौरान संभावित अतिवृष्टि एवं बाढ़ जैसी परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने तथा नागरिकों को त्वरित राहत एवं सुरक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। इस संबंध में निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देशानुसार कार्यालय भवन में कंट्रोल रूम स्थापित कर जून से 24 घंटे संचालन की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ की संपूर्ण मॉनिटरिंग एवं कार्यों के समन्वय की जिम्मेदारी कार्यपालन अभियंता प्रकाशचंद्र थवानी को नोडल अधिकारी के रूप में सौंपी गई है। उनके सहयोग के लिए स्वास्थ्य, अभियंत्रिकी एवं कार्यशाला शाखा के अधिकारियों की टीम गठित की गई है। साथ ही कंट्रोल रूम के सुचारु संचालन के लिए सप्ताह के सातों दिन एवं रात्रि पाली में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित कर दी गई है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। नगर निगम ने नागरिकों को भरोसा दिलाया है कि मानसून अवधि के दौरान जलभराव, बाढ़ अथवा अन्य आपात परिस्थितियों से निपटने के लिए निगम का बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ पूरी तरह सतर्क एवं सक्रिय रहेगा तथा जनसुरक्षा एवं राहत कार्यों में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी।

खबर संक्षेप

रिटायर कर्मी बोले आर्थिक जरुरत के समय सोसाइटी ने दिया सहारा

भिलाई। बीएसपी एम्पलाइज कोऑपरेटिव एंड वेलफेयर सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-4 ने एक गरिमामय समारोह में माह मई 2026 में भिलाई स्टील प्लांट की सेवा से निवृत्त हुए अपने सदस्य कर्मियों को ससम्मान विदाई दी। विदाई समारोह में रिटायर कर्मियों ने अपना सेवाकाल याद किया और सोसायटी की कार्यप्रणाली को सराहा। शुरुआत में सोसाइटी के अध्यक्ष पूरन लाल देवांगन ने सभी रिटायर कर्मियों को सम्मान पत्र, मिठाई, श्रीफल व अंतिम भुगतान का चेक प्रदान कर सम्मानित किया। अपने उद्बोधन में अध्यक्ष पूरनलाल देवांगन ने कहा कि रिटायर कर्मियों का योगदान सोसाइटी परिवार हमेशा याद रखेगा। इस दौरान रिटायर हुए कर्मियों ने भी अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। स्टोर्स से रिटायर रमाशंकर सिंह ने कहा कि सोसाइटी के सदस्यों-कर्मियों के व्यवहार ने हमेशा प्रभावित किया।

112 स्कूलों में बालवाड़ी कार्यक्रम प्रभावी बनाने सदस्यों ने की चर्चा

भिलाई। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रायपुर, समग्र शिक्षा कार्यालय और अह्वान ट्रस्ट के संयुक्त प्रयास से दुर्ग जिले के 112 विद्यालयों में संचालित बालवाड़ी कार्यक्रम प्रोजेक्ट बुनियाद को प्रभावी बनाने के लिए जिला संसाधन समूह डीआरजी सदस्यों की एक दिवसीय बैठक आयोजित की गई। यह कार्यक्रम जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा एवं जिला समन्वयक विनोद सिन्हा के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है। बैठक का नेतृत्व एपीसी शशिभूषण शर्मा ने किया, अह्वान ट्रस्ट की ओर से शीतल मोटघरे एवं प्रदीप शर्मा ने विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया।

वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हनुमान जी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा

भिलाई। रिसाली स्थित श्याम नगर में भगवान हनुमान की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया गया। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर कार्यक्रम में शामिल हुए और पूजा-अर्चना की। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में आचार्यों द्वारा वैदिक रीति से पूजन, हवन एवं अभिषेक कराया गया। विधायक चंद्राकर ने प्रभु हनुमान के चरणों में शीश नवाकर समस्त प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और मंगलमय जीवन की प्रार्थना की। विधायक ललित चन्द्राकर ने कहा कि संकटमोचन हनुमान बल, बुद्धि और भक्ति के प्रतीक हैं। प्रभु हनुमान की कृपा से समाज में सद्भाव, सेवा और धर्म के प्रति आस्था निरंतर सुदृढ़ होती रहे, यही कामना है।

शाला प्रवेशोत्सव 2026 नवप्रवेशी विद्यार्थियों का आत्मीय स्वागत, प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान

शाला प्रवेशोत्सव में नवप्रवेशी बच्चों का तिलक और मिठाई से स्वागत, मेधावियों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला गोडेला में संयुक्त रूप से प्रधानमंत्री शाला प्रवेशोत्सव–2026 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर, पैरों की छाप (फुटप्रिंट) लेकर एवं मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत किया गया। साथ ही विद्यार्थियों को नई पाठ्यपुस्तकें और स्कूल सामग्री वितरित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं।

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण तब रहा, जब ग्राम के पांच सेवानिवृत्त शिक्षक राधेश्याम कुर्रे, मनसुख बंजारे, दिलीप चंद्राकर, पुनीत राम साहू एवं दीनदयाल देशमुख ने वर्ष 2025-26 में कक्षा 5वीं एवं 8वीं में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बैग, कॉपी और लेखन सामग्री भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि समाज और विद्यालय मिलकर शिक्षा को जनआंदोलन बना सकते हैं।

कार्यक्रम में संकुल समन्वयक देवरी-द अमृत कुमार सोनी, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष सोनिया साहू, शिक्षाविद् संतोष कुर्रे एवं जोहन बंजारे की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका प्रतिभा त्रिपाठी ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हर बच्चे को शिक्षा से जोड़ना समाज की जिम्मेदारी है। वहीं संस्था प्रमुख रमेश कुमार हिरवानी ने विद्यालय की उपलब्धियों और शासन की योजनाओं की जानकारी देते हुए पालकों से बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने की अपील की। इस अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षकों द्वारा स्नेहभोज का आयोजन भी किया गया, जिससे कार्यक्रम और अधिक आत्मीय बन गया। कार्यक्रम में पालकगण परमिला साहू, क्षमा साहू, टोमिन, झामिन, पेमन साहू, गणेशराम जांगड़े, खेमलाल देशमुख, एवन साहू एवं जागेश्वर कुर्रे उपस्थित रहे। अंत में प्राथमिक विद्यालय के प्रधानपाठक शोभाराम देवांगन ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक संतोष कुमार शर्मा, देवेन्द्र कुमार साहू तथा सफाई कर्मचारी रिखीराम बंजारे एवं टुमन मांडले का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

अछोटी स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

अण्डा। शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला अछोटी, संकुल कुथरेल, विकासखंड एवं जिला दुर्ग में दिनांक 27 जून 2026 को शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सदस्य बेला यादव, ग्राम सरपंच झन्ना दिल्लीवार, उपसरपंच घनश्याम दिल्लीवार, संस्था प्रमुख राधेलाल चन्द्राकर, पालकगण एवं समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि बेला यादव ने नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर उनका स्वागत किया और उन्हें पुस्तकें एवं गणवेश वितरित किए। कार्यक्रम के दौरान बेला यादव एवं सरपंच झन्ना दिल्लीवार ने बच्चों को शिक्षा का महत्व बताते हुए प्रेरणादायक बातें साझा कीं, जिससे बच्चे काफी उत्साहित नजर आए। कार्यक्रम के अंत में शाला के प्रधान पाठक राधेलाल चन्द्राकर ने उपस्थित अतिथियों, पालकों एवं शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। इसके बाद मुख्य अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों और बच्चों ने एक साथ बैठकर भोजन ग्रहण किया। शाला प्रवेशोत्सव का यह आयोजन बच्चों के लिए उत्साहवर्धक एवं प्रेरणादायक रहा, जो नए शिक्षा सत्र की सकारात्मक शुरुआत का प्रतीक बना।

टटेंगा हाई स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

डौंडीलोहारा। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में नवीन शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर शाला प्रवेश उत्सव उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम प्राचार्य टी.एल. देवांगन के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया।

इसके बाद प्राचार्य टी.एल. देवांगन, वरिष्ठ व्याख्याता चंद्रमणि वासनिक, चंद्रशेखर वासनिक, शाला विकास समिति सदस्य पेमीन साहू, दीप्ति साहू, ग्राम पंचायत टटेंगा की पंच लिकेश्वरी देवांगन, त्रिवेणी गावरे, सुषमा कौशिक एवं ईश्वरी सुधाकर ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों को तिलक लगाकर उनका स्वागत किया तथा मिठाई खिलाकर प्रवेश उत्सव मनाया। इस अवसर पर ग्रंथपाल भागवत साहू ने विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया, जबकि रवि देवांगन ने नवप्रवेशी बच्चों को मिष्ठान वितरित किया। व्याख्याता हर्षा देवांगन ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए शासन की निःशुल्क सरस्वती साइकिल योजना की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि कक्षा नवमी में प्रवेश लेने वाली बालिकाओं को शासन द्वारा निःशुल्क साइकिल प्रदान की जाती है, जिससे उनकी शिक्षा सुगम हो सके। साथ ही उन्होंने कहा कि शाला प्रवेश उत्सव का उद्देश्य बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ाना तथा विद्यालयों में नामांकन एवं ठहराव सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम के अंत में व्याख्याता रेशमी साहू ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर चंद्रा देवनाथ, पवन सिन्हा, रीना बोरकर, भागवत साहू, महेश राउते, वेद साहू, नीलिमा निर्मलकर, चंद्रप्रकाश सोनबोइर, अनुराधा खरे, सुरेंद्र नेताम सहित विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

खोलझर में संयुक्त शाला प्रवेश उत्सव, नवप्रवेशी विद्यार्थियों का किया स्वागत

डौंडीलोहारा। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खोलझर परिसर में प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए संयुक्त शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना एवं वंदना के साथ हुआ। इसके बाद अतिथियों का स्वागत फूलमाला एवं स्वागत गीत से किया गया तथा नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर और मिष्ठान खिलाकर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया। साथ ही राज्य शासन की सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत कक्षा नवमी की पात्र छात्राओं को निःशुल्क साइकिलें प्रदान की गईं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संतोष साहू तथा ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती थानेश्वरी विश्वकर्मा थीं। विशेष अतिथि के रूप में जनपद सदस्य निर्भय लाल भंडारी, उपसरपंच लखनलाल कौपार्य, जगदीशराम चुरेंद्र, बी.आर. तारम, टीकम खड़हा एवं वासुदेव विश्वकर्मा सहित शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के सदस्य, ग्रामीणजन, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य अर्जुन लाल देवांगन ने की तथा संचालन दानीराम भूआर्य ने किया।

कार्यक्रम के दौरान जनपद सदस्य निर्भय लाल भंडारी ने जनपद मद से विद्यालय को प्राप्त वाटर कूलर का लोकार्पण भी किया। मुख्य अतिथि संतोष साहू ने विद्यार्थियों को अनुशासन, शिक्षा और गुरुजनों के सम्मान का संदेश देते हुए स्कूल चलो, पढ़े बर-आऊ जिंदगी ला गढ़े बर/" का नारा दिया। वहीं बी.आर. तारम सहित अन्य अतिथियों ने भी विद्यार्थियों को प्रेरणादायी संदेश दिए।

इस अवसर पर वर्ष 2010 से विद्यालय में पदस्थ वरिष्ठ व्याख्याता एवं पूर्व प्रभारी प्राचार्य निरंजन लाल घरेंद्र का सेवानिवृत्ति उपरांत भावभीनी विदाई समारोह भी आयोजित किया गया। उन्हें शाल, श्रीफल, स्मृति-चिन्ह, जीवन परिचय फ्रेम, डिजिटल घड़ी, छाता एवं अन्य उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। अपने उद्बोधन में घरेंद्र ने लगभग 33 वर्षों के सेवाकाल के अनुभव साझा करते हुए कहा कि जीवन में अनुशासन और दूसरों का सम्मान ही व्यक्ति को समाज में सम्मान दिलाता है। अंत में प्राचार्य अर्जुन लाल देवांगन ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय परिवार श्री निरंजन लाल घरेंद्र के शिक्षा एवं विद्यालय विकास में दिए गए योगदान को सदैव याद रखेगा।

ओटेबंद में सुनी गई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' की 135वीं कड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम ओटेबंद में आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 135वीं कड़ी को सामूहिक रूप से सुना गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर जनपद पंचायत गुंडरदेही अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर, सरपंच जीवन साहू, बूथ अध्यक्ष दीनदयाल साहू सहित वरिष्ठ कार्यकर्ता उत्तम साहू, देवधर साहू, बरातू यादव, विष्णु देशमुख एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशहित, सामाजिक विकास, आत्मनिर्भर भारत और जनभागीदारी से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने विचार साझा किए। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री के विचारों को प्रेरणादायक बताते हुए इसे जनजागरूकता के लिए महत्वपूर्ण बताया।

पेज 9 के शेष

ई-रिक्शा से बदली आदिवासी ...

ग्राम पंचायत सचिव के डी मानिकपुरी का कहना है कि गांवों में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था सफलतापूर्वक संचालित हो रही है। महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से स्वच्छता अभियान को नई गति मिली है। पंचायत लगातार लोगों को गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग देने के लिए प्रेरित कर रही है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन का उद्देश्य केवल साफ-सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना भी है। जिला खनिज न्यास एवं राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से महिलाओं को ई-रिक्शा उपलब्ध कराकर उन्हें सम्मानजनक आजीविका से जोड़ा गया है। यह पहल स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और महिला सशक्तिकरण का उत्कृष्ट उदाहरण है। जिले में इस मॉडल का लगातार विस्तार किया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक महिलाओं को रोजगार मिल सके और प्रत्येक ग्राम पंचायत स्वच्छ एवं आत्मनिर्भर बन सके। जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पंकज देव कहते हैं कि डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था ग्रामीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। महिलाओं को प्रशिक्षण, संसाधन और रोजगार उपलब्ध कराकर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाया गया है। यह योजना स्वच्छता के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान कर रही है। सौरभ कुमार जनप्रतिनिधि ने कहा, जब महिलाएं विकास की मुख्यधारा से जुड़ती हैं तो पूरा गांव आगे बढ़ता है। ई-रिक्शा आधारित कचरा संग्रहण व्यवस्था स्वच्छता और महिला सशक्तिकरण का आदर्श मॉडल बन चुकी है। उपेंद्र कुमार साहू जनप्रतिनिधि ने कहा ग्रामीणों को चाहिए कि वे घरों से गीला और सूखा कचरा अलग-अलग दें तथा स्वच्छता अभियान को जनआंदोलन बनाएं। शासन की योजनाओं का लाभ तभी सार्थक होगा जब हर नागरिक अपनी जिम्मेदारी निभाएगा।

किसान परिवार के तीन ...

कार्य कर युवको को यहां तक पहुंचाएं है। जहां गांव में लक्ष्य की तैयारी के सुविधाओ के अभावो के बीच गांव के सड़को में सुबह दौड़कर तथा घर में स्वयं से पढ़ाई कर युवक अपने लक्ष्य की तैयारी किए है। उनके चयन पर उनके दादा बरसन साहू व दादी बउरा बाई व परिवार में हर्श का माहौल है।

नालों और जलाशयों की ...

नगर की स्वच्छता एवं जनस्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए नियमित रूप से जारी रखा जाएगा। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीमा बक्शी ने कहा नगरवासियों को जलभराव और गंदगी से राहत दिलाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से नगर के सभी प्रमुख नालों और जलाशयों की नियमित साफ-सफाई कराई जा रही है। जहां भी गाद, जलीय घास अथवा अन्य अवरोध मिले हैं, उन्हें तत्काल हटाया गया है ताकि वर्षा का पानी बिना किसी बाधा के निकल सके। नगरवासियों से भी अपील है कि वे नालों और जलाशयों में कचरा न डालें तथा स्वच्छता बनाए रखने में नगर पालिका का सहयोग करें। जनसहयोग से ही स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर दल्लीराजहरा का निर्माण संभव है।/" नगर पालिका के सफाई प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि प्रत्येक वार्ड में नियमित निगरानी की जा रही है। जहां भी जल निकासी में बाधा की सूचना मिलती है, वहां तत्काल सफाई दल भेजकर आवश्यक कार्यवाही की जाती है। वर्षा ऋतु के दौरान विशेष निगरानी दल भी सक्रिय रखा गया है।

अग्निवीर प्रशिक्षण के लिए रवाना हुए भूपेंद्र साहू गांव ने तिरंगे के साथ किया भावभीना विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

विकासखंड के ग्राम चुल्हापथरा के युवा भूपेंद्र कुमार साहू के अग्निवीर के रूप में चयन होने पर पूरे गांव और परिवार में उत्साह का माहौल है। छह माह के प्रशिक्षण के लिए रवाना होने से पहले परिजनों और ग्रामीणों ने उनका भावभीना विदाई समारोह आयोजित किया।

भूपेंद्र की मां दिनेश्वरी साहू, पिता जिरजोधन साहू, दादा जगदीश साहू और दादी दसरी बाई ने बेटे के देश सेवा के सपने के साकार होने पर गर्व जताया। हालांकि बेटे से कुछ समय के लिए दूर होने का भाव भी उनके चेहरों पर साफ दिखाई दिया। खुशी, गर्व और भावुकता के बीच परिजनों ने नम आंखों से उन्हें प्रशिक्षण के लिए विदा किया। जगदीश साहू का 17 सदस्यीय संयुक्त परिवार है और इस परिवार में पहली बार किसी सदस्य का सरकारी सेवा में चयन हुआ है। वह भी भारतीय सेना की अग्निवीर योजना के तहत चयनित होने से परिवार और गांव के लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

अग्निवीर प्रशिक्षण के लिए रवाना हुए चितरंजन साहू

गुरूर। ग्राम चुल्हापथरा के पूरनलाल साहू ने रविवार को अपने इकलौते पुत्र चितरंजन साहू को अग्निवीर के रूप में चयन होने के बाद छः माह के प्रशिक्षण के लिए गर्व के साथ विदा किया। चितरंजन साहू की माता रोहणी बाई, दादी जानकी बाई ने अपने लाडले बेटे को गर्व और खुशी के साथ लंबे समय के लिए स्वयं से दूर जाने के गम को मिश्रित आंशु के साथ माथे पर तिलक लगाकर अग्निवीर की अग्नि परीक्षा के लिए रवाना किया। चितरंजन को प्रशिक्षण के लिए भेजने के पूर्व घर में उत्सव का माहौल था। चितरंजन के साथ परिजनों ने भारत माता की पूजा अर्चना कर तिरंगे को सलामी दी। चितरंजन को रायपुर तक पहूंचाने चितरंजन के परिजनों के साथ उनके दोस्त भी गए। गाजे–बाजे के साथ चितरंजन को सम्मान के साथ प्रशिक्षण हेतु भेजा। चितरंजन की माता रोहणी बाई व दादी जानकी बाई कहती हैं कि अपने घर के इकलौते चिराग को भारत माता की सेवा में भेजने का गर्व है।

हिमांचल सार्वा का अग्निवीर भारतीय सेना में चयन

मोहारा। ग्राम मोहारा के होनहार युवा हिमांचल सार्वा का अग्निवीर भारतीय सेना में चयनित होने के बाद प्रशिक्षण में जाने के लिए घर से विदाई एवं आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप

एनएमएमएस परीक्षा में भूमि देवांगन का चयन

अंडा। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला देवगहन की छात्रा कु. भूमि देवांगन पिता कमलेश देवांगन का चयन नेशनल मीन्स कम मेरिट स्कॉलरशिप एग्जामिनेशन में हुआ है। इस उपलब्धि से विद्यालय एवं पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। भूमि के चयन के बाद अब उन्हें 9वीं से 12वीं कक्षा तक प्रतिवर्ष 12 हजार रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी, जिससे उनकी आगे की पढ़ाई में आर्थिक सहयोग मिलेगा। भूमि देवांगन की इस सफलता पर विद्यालय के प्रधान पाठक ओ.पी. साहू सहित समस्त शिक्षकों एवं ग्रामीणों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। विद्यालय परिवार ने इसे मेहनत, लगन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम बताया है।

फैक्ट्री का ताला तोड़कर डेढ़ लाख की चोरी

बालोद। अज्ञात चोर द्वारा फैक्ट्री में रखे टीवी, फ्रिज, कूलर को चोर कर लिया। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 305, 331(4) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सेक्टर बी 9ए बोरसी थाना पदमनाभपुर जिला दुर्ग निवासी राहुल सिंगल ने पुलिस को बताया कि ग्राम खप्परवाडा में मेरा फेक्ट्री है। 24 जून के दोपहर अपना फेक्ट्री बंद कर घर चला गया था 25 जून के दोपहर मैं जाकर देखा तो मेरे फेक्ट्री का शटर में लगे ताला टुटा हुआ एवं शटर खुला हुआ था अंदर प्रवेश कर देखा तो फेक्ट्री में लगे 07 नग मोटर, 01 नग टीवी क्राउन कंपनी, फ्रीज तथा कुलर कीमती करीबन 1,50,000 रूपये को 24 जून के दोपहर 02.30 बजे से 25 जून के दोपहर करीबन 02.30 बजे के मध्य कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। घटना के संबंध में सामग्री को आस पास तथा सभी स्थानों पर पता किये जो कोई पता नहीं चलने पर रिपोर्ट करवा रहा हूं।

बालोद शराब भट्ठी के सामने से मोटर सायकिल चोरी

बालोद। शराब भठ्ठी के सामने से शराब प्रेमीयो की मोटर सायकिल की चोरी की घटना लगातार सामने आ रही है। ताजा मामले में बालोद शराब भठ्ठी का है। जहां दोस्त की मोटर सायकल को शराब भठ्ठी के सामने खड़ी कर शराब लेने गए युवक का मोटर सायकल चोरी हो गया। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 303(2) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम बोड़की निवासी बाबूलाल मण्डावी ने पुलिस को बताया कि नेवारीकला निवासी योगेश मण्डावी का स्वास्थ्य ठीक नहीं होने से जिला अस्पताल बालोद में भर्ती था जिसे देखने के लिये रात्रि मैं अपने दोस्त गौतम मण्डावी के साथ मोटर सायकल सीजी 24 6573 से जिला अस्पताल बालोद आया और अपने दोस्त योगेश मण्डावी मिला जो बताया कि मुझे रिफर किया गया है मेरा मोटर सायकल सीजी 24 ई 9578 को अपने साथ घर ले जाने बोला तब मैं उसके मोटर सायकल को ले जा रहा था और गंजपारा बालोद में शराब दुकान के सामने रात्रि मोटर सायकल सीजी 24 ई 9578 को खड़ा कर शराब खरीदने के लिये शराब दुकान गया। शराब खरीद कर वापस आया तो उक्त मोटर सायकल सीजी 24 ई 9578 खड़े किये स्थान पर नहीं था जिसका आस– पास पता तलाश किया कोई पता नहीं चला। कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है।

गांजा तस्करी और बेचने वाले दो युवकों को पुलिस ने पकड़ा

भिलाई। गांजा तस्करी और बेचने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलगांव पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पोटिया रोड, पुलगांव, दुर्ग के पास से युवक को पकड़ा गया। अपने पास गांजा रखकर ग्राहक की तलाश में था। पूछताछ में युवक ने अपना नाम कुन्दरापारा, पोटियाकला पदमनाभपुर निवासी ओमकार यादव बताया है। बयान में ओमकार ने पुलिस को बताया कि अपने दोस्त टिटलागढ़, ओडिशा, हाल मुकाम गैलेक्सी हाइट्स, बोरसी मोहन कुम्हार के साथ मिलकर गांजा का कारोबार करना स्वीकार किया।

टीकाकरण : अभियान में कोई भी बच्चा न छूटे, ग्रामीण भी निभाएं अपनी जिम्मेदारी

पलारी और बोड़रा में संगीता सिन्हा ने बच्चों को पिलाई पल्स पोलियो की खुराक, पालकों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

पल्स पोलियो अभियान के तहत विधायक संगीता सिन्हा क्षेत्र के दो ग्रामो में पहुंचकर आयोजित शिविर में पहुंचे बच्चो को पोलियो की खुराक पिलाई।

प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष व संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा ने प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र पलारी में बच्चे को पल्स पोलियो पिलाकर विकासखण्ड में अभियान की शुरूवात की साथ ही उन्होने बोड़रा उपस्वास्थ केन्द्र में भी पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान को गति दी। इस दौरान शिविर में पहुंचने पर विधायक संगीता सिन्हा ने ना सिर्फ अपने हाथो से कई बच्चो को पोलियो की खुराक पिलाई बल्कि वहां पहुंचे पालको को पोलियो की खुराक क्यो आव"यक है इससे संबंधित जानकारी साझा कर पालको को जागरूक करने का काम किया। वही ग्राम में पहुंचने पर ग्रामीणो से भेंटकर विधायक संगीता सिन्हा ने ग्राम के अन्य बच्चों को भी पल्स पोलियो की खुराक दिलाने के लिए ग्रामीणो को प्रेरित किया तथा उन्होने ग्रामीणो से कहा कि ग्राम का कोई भी बच्चा पल्स पोलियो अभियान के तहत पल्स पोलियो की खुराक पाने से बच ना जाए इसका ध्यान सिर्फ अधिकारियो कर्मचारियों को ही नही रखना है।

बल्कि ग्रामीणों को भी इस ओर ध्यान देना है ताकि इस खुराक से कोई भी बच्चा वंचित ना रह जाए। इस दौरान विधायक संगीता सिन्हा के पहुंचने पर ग्रामीण माताओ ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनका स्वागत किया। इस दौरान विधायक संगीता सिन्हा के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

जनप्रतिनिधियों ने बच्चों को पिलाई दवा

गुरूर। विकास गुरूर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में राष्ट्रीय पल्स पोलियों अभियान का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप साहू एवं स्वास्थ्य समिति के सभापति नारायण टेके के द्वारा 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर किया गया। जन प्रतिनिधियों द्वारा उपस्थित आम जनों से अपील किया गया कि समुदाय के 0 से 5 वर्ष के सभी बच्चों को नजदीकी बूथ पर ले जाकर पोलियो की दवा शत प्रतिशत अवश्य पिलाएं कोई भी बच्चे पोलियो दवा पीने से वंचित ना रहे ताकि हमारा समाज और देश पोलियों रोग से मुक्त हो और आने वाला पीढ़ी पोलियो रोग से अपंगता का शिकार न हो। साथ ही 29 एवं 30 जून को दल दल कर्मी द्वारा घर घर भ्रमण कर छुटे बच्चों को चिन्हांकित कर पालियों की दवा पिलाई जाएगी।

चिटौद में लक्ष्य से अधिक 180 बच्चों को पिलाई गई पोलियो की खुराक

गुरूर। ग्राम चिटौद में पल्स पोलियो अभियान के तहत शिविर आयोजित कर 165 लक्ष्य में 180 बच्चों ने पोलियो की खुराक पी। राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान में 5 वर्ष तक के बच्चों को शासकीय प्राथमिक विद्यालय चिटौद में पोलियो की खुराक पिलाकर शुरू की गई।

भारत को पोलियो मुक्त बनाने में आयुष्मान आरोग्य मंदिर चंदनबिरही के आश्रित ग्राम चिटौद उपस्वास्थ्य केंद्र में ग्रामीण स्वास्थ्य पुरुष संयोजक नीलकमल सिन्हा और सहायक शिक्षक ईश्वरी कुमार सिन्हा के मुख्य आतिथ्य में गांव के लष्यियत 165 शिशुओं को पोलियो की दवा पिलाई गई। स्वास्थ्य विभाग व मितानिनों की मेहनत से लक्ष्य से ज्यादा बच्चों ने दवा पी। स्वस्थ बच्चा सशक्त राष्ट्र की भावना से हर बच्चे के टीकाकरण की जिम्मेदारी स्वास्थ्य केंद्र की टीम में सीमा सिन्हा ग्रामीण स्वास्थ्य महिला संयोजक व मितानिनों कामिनी साहू, भागेश्वरी साहू, विद्या उइके, जानकी साहू, तुलसी जोगी, सरस्वती राव, चंद्रिका टांडे के संयुक्त प्रयास में इस वृहद जनसंख्या वाले गांव में 5 वर्ष तक के 165 लक्ष्य को सफलतापूर्वक प्राप्त किया गया।

इनके साथ ही अपंजी—त अथवा मेहमान आए बच्चों को भी पोलियो की खुराक पिलाई गई। सेक्टर सुपरवाइजर एके.काहिरा शिविर केंद्र सामग्री प्रबंधन व शिविर अवलोकन में सहभागिता निभाई। विद्यालयीन बच्चों ने भी पोलियो मुक्त नारे लगाए। अवकाश दिवस में सुबह योगाभ्यास में पहुँचे तथा कक्षा 5 वीं तथा 6 वीं के विद्यार्थियों उपस्थित थे।

ठेकवाडीह में पल्स पोलियो अभियान शुरू, सरपंच देव ने बच्चों को पिलाई पोलियो की खुराक

गुरूर। ग्राम ठेकवाडीह में पल्स पोलियो अभियान के तहत आंगनबाड़ी केंद्र में स्वास्थ्य कर्मी मितानिनो के द्वारा 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। इस अभियान के तहत ग्राम पंचायत सरपंच देव साहू ने बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत पोलियो मुक्त देशों की श्रेणी में शामिल है, लेकिन इस उपलब्धि को बनाए रखने के लिए समय–समय पर पल्स पोलियो अभियान चलाए जाते हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की दो बूंदें अवश्य पिलाएं, क्योंकि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बचाव का यही सबसे प्रभावी उपाय है। मितानिन कमलेश्वरी साहू, भोज साहू, उमेश्वरी साहू, पद्मिनी साहू ने अभिभावकों को बताया कि पोलियो उन्मूलन के लिए प्रत्येक बच्चे को समय–समय पर पोलियो की खुराक दिलाना आवश्यक है। मितानिनों ने बच्चों को दवा पिलाकर इस अभियान को सफल बनाया। इस अवसर पर उपसरपंच तामेश्वरी साहू एवं

आंगनबाड़ी केंद्र में पोलियो की खुराक पिलाई

बालोद। प्लस पोलियो अभियान अंतर्गत वार्ड 20 पाररास आंगनबाड़ी केंद्र में पुर्व पार्षद संतोष कौशिक ने बच्चों को प्लस पोलियो की दो बुंद दवा पिलाकर अभियान की शुरुआत किया।

बघमरा में पल्स पोलियो की खुराक पिलाई गई

गुण्डरदेही। राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार को नगर पंचायत गुण्डरदेही के बघमरा आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 मे पार्षद हरीश निषाद ने पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों को पोलियो की दो बूंद दवा पिलाकर अभियान की शुरुआत की।

छत्रपति शाहूजी महाराज जयंती पर ओबीसी महासभा ने की वर्चुअल गोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

सामाजिक न्याय के प्रणेता राजर्षि छत्रपति शाहूजी महाराज की जयंती के अवसर पर ओबीसी महासभा, छत्तीसगढ़ द्वारा गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत 'जय जवान, जय किसान, जय ओबीसी, जय संविधान' के जयघोष एवं परिचय सत्र के साथ हुई। गोष्ठी का संचालन प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम ने किया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय कोर कमेटी सदस्य डॉ. पुष्पराज सिंह रहे। म

ख्य वक्ताओं में प्रदेश महासचिव जनँक राम साहू, एडवोकेट महेंद्र वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. आई.पी. यादव, बस्तर संभाग अध्यक्ष दिनेश यदु सहित अन्य पदाधिकारियों ने शाहूजी महाराज के सामाजिक समता, शिक्षा और आरक्षण संबंधी योगदान पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। बैठक में संगठन के विस्तार और सुदृढ़ीकरण पर चर्चा की गई। साथ ही निर्णय लिया गया कि राष्ट्रीय जनगणना तथा लंबे समय से लंबित 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण की मांग को लेकर निकट भविष्य में राजधानी रायपुर में प्रदेशव्यापी आंदोलन किया जाएगा। वर्चुअल बैठक में प्रदेश, संभाग, जिला एवं ब्लॉक स्तर के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम का समापन रायपुर संभाग अध्यक्ष हेमंत साहू ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए किया।

हिंदू सेना के विस्तार को मिली नई मजबूती, जिला कार्यकारिणी का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

हिंदू सेना ने संगठन विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए बालोद जिला कार्यकारिणी का गठन कर नई जिम्मेदारियों की घोषणा की है। कुर्मी भवन बालोद में आयोजित जिला स्तरीय बैठक में प्रदेश स्तर के पदाधिकारियों की उपस्थिति में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। संगठन ने समाज सेवा, सांस्कृतिक जागरूकता और राष्ट्रहित के कार्यों को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से अनुभवी एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं को विभिन्न दायित्व सौंपे। प्रदेश महामंत्री निलेश श्रीवास्तव ने राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता तथा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत वर्मा की अनुशंसा पर जिला कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए कहा कि संगठन का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर राष्ट्र, संस्कृति और सामाजिक समरसता के लिए कार्य करना है। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष नंदा पसीने ने की।

बैठक में बोधन भट्ट को प्रदेश कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं पद्मिनी साहू को जिला महामंत्री, ममता पटेल को जिला उपाध्यक्ष, वर्षा दुबे को संगठन मंत्री, दुर्गा जोशी को सचिव तथा ज्योति पटेल को जिला कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का भगवा गमछा एवं पुष्पमाला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया गया। बैठक में संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करने, युवाओं एवं महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने तथा सामाजिक, सांस्कृतिक और जनकल्याणकारी गतिविधियों को गति देने पर विस्तार से चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि नई कार्यकारिणी संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के साथ समाजहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएगी। ये रहे उपस्थित कार्यक्रम में उत्तम साहू, उदय साहू, दीपक यादव, विमल विश्वकर्मा, देवेंद्र साहू, श्वेता राजपूत, पुष्पा शांडिल, डिलेश्वरी साहू, सुशीला गरिया, मीनाक्षी सोनकर, निर्मला कोसमा, सकुन बाई, किसन बाई, भोजेश्वरी साहू, श्यामा बाई साहू सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रह

भर्रीगांव में जनपद अध्यक्ष सुनीता ने बच्चों को पिलाई पोलियो की खुराक

गुरूर। राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत ग्राम भर्रीगांव में जनपद पंचायत गुरुर अध्यक्ष सुनीता संजय साहू ने 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पल्स पोलियों की दवा पिलाई एवं बच्चों को स्नेहा व्यक्त किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य बच्चों को पोलियो जैसे गंभीर बीमारी से बचाना और अभिभावकों को इसके प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य देश को पूरी तरह पोलियो मुक्त बनाए रखना है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हम सब की सहभागिता बेहद महत्वपूर्ण है।

नवजात शिशु को पोलियो ड्रॉप पिलाकर हुई शुरुआत

बालोद। राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस के अवसर पर 28 जून को बालोद जिले में पल्स पोलियो अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया। जिला स्तरीय शुभारंभ कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जेएल. उइके द्वारा ग्राम अंगारी निवासी फागेश पटेल के नवजात शिशु को मातृ एवं शिशु अस्पताल, बालोद में पोलियो की ड्रॉप पिलाकर इस महाअभियान की शुरुआत की गई। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. आरके. श्रीमाली, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. जेके. सिंह, राज्य से विशेष तौर पर आईं डॉ. सी. शिवानी, यूएनडीपी से दुर्गेश्वरी, खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी आरके. सोनबोईर तथा जिला वैक्सीन स्टोर मैनेजर आरके. सहारे उपस्थित थे।

नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण का लिया गया निर्णय

सतनामी समाज की बैठक में भवन लोकार्पण की तैयारियों पर बनी रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

तहसील सतनामी समाज डौंडी लोहारा की बैठक सतनाम भवन, संबलपुर में आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास जी के तैलचित्र पर पूजा-अर्चना के साथ हुई, जिसे पंडित खुमान जोशी ने संपन्न कराया। बैठक में तहसील मुख्यालय में नवनिर्मित सतनाम भवन के प्रस्तावित लोकार्पण समारोह की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों के स्वागत, सामाजिक सहयोग तथा प्रत्येक परिवार से सहयोग राशि एकत्र करने का निर्णय लिया गया। साथ ही अधिकारियों एवं कर्मचारियों से भी सहयोग की अपील की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि लोकार्पण समारोह के दौरान समाज के विकास में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 10 महिला एवं 10 पुरुष सदस्यों का सम्मान किया जाएगा। इसके अलावा कक्षा 10वीं एवं 12वीं में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। ग्रामीण समाज के अध्यक्ष, भंडारी एवं साटीदारों को पहचान-पत्र भी प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम में ब्लॉक स्तर पर नवनिर्वाचित पदाधिकारियों तथा युवा एवं महिला प्रकोष्ठ का शपथ ग्रहण समारोह भी आयोजित किया जाएगा।बैठक को संबोधित करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष ने वर्ष 2016 से अब तक के अपने कार्यकाल में किए गए सामाजिक, संगठनात्मक एवं रचनात्मक कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने समाज में एकता, अखंडता तथा महिलाओं की समान भागीदारी पर विशेष जोर दिया।

महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष डीकेश्वरी बंधु ने महिला सशक्तिकरण के लिए सभी ब्लॉकों में महिलाओं को संगठित करने का आह्वान किया। बैठक का संचालन ब्लॉक महासचिव लक्ष्मीनारायण बघेल ने किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष सियाराम डेहरे, जिला उपाध्यक्ष गंगाबाई टंडन, धन्नू टंडन, भूधर जोशी सहित अनेक पदाधिकारियों एवं समाजजनों ने अपने विचार व्यक्त किए। अंत में ब्लॉक सचिव डॉ. चंद्रकुमार देशलहरे ने आभार व्यक्त करते हुए बैठक का समापन किया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज